# उद्यम ऋण के लिए 250 युवाओं का पंजीकरण



सीतापुर रोड स्थित लॉन में युवा उद्यमी सुविधा शिविर में शुक्रवार को उमड़ी युवाओं की भीड़। -संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

## सीतापुर रोड स्थित मैरिज लॉन में शिविर का आयोजन

लखनऊ। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के तहत शुक्रवार को सीतापुर रोड स्थित मैरिज लॉन में आयोजित युवा उद्यमी सुविधा शिविर में सैकड़ों लोग पहुंचे। इनमें से 250 ने पांच लाख रुपये के लोन के लिए पंजीकरण कराया। शिविर का शुभारंभ विधायक डॉ. नीरज बोरा ने किया।

अपना व्यवसाय शुरू करने का युवाओं में जोश का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि शिविर के तय समय सुबह 11:30 बजे से एक घंटा पहले से ही वे पहुंच गए। उपायुक्त उद्योग मनोज कुमार चौरसिया ने बताया कि बड़ी पकरिया के मेहताब, फैजुल्लागंज के अनुज जायसवाल, राम रतन यादव, त्रिवेणीनगर के रवि गुप्ता समेत 250 के आवेदन मिले हैं। सर्वर की धीमी गति से प्रमाणपत्र अपलोड करने में समस्या आई। विधायक ने कहा, उनका लक्ष्य है उत्तर विधानसभा से एक हजार युवाओं को मुख्यमंत्री की इस योजना का लाभ मिले और सभी एक हजार परिवार आत्मनिर्भर बन सकें।

21-40 वर्ष के आठवीं पास युवा https://name.up.gov.in पर घर बैठे ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन करते समय 10 रुपये के स्टांप पेपर पर नोटरी की ओर से प्रमाणित शपथपत्र और कौशल प्रमाणपत्र अपलोड करने की जरूरत नहीं है।

फैजुल्लागंज के रवि कुमार और मदेयगंज के सुमन प्रसाद भी ऋण के लिए शिविर में पहुंचे। हालांकि, इन्हें निराश होना पड़ा। दोनों किराने की दुकान खोलने के लिए लोन लेना चाह रहे थे।